हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार,4 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 7.4 डिग्री

12 अद्धोमाजरा में बने 1050 आयुष्मान कार्ड



12 कानून पर रोक लगने के बाद काम पर लौटे चालक



## खबर संक्षेप

### केयू में स्वर झंकार संगीत समारोह 5 को

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा शुक्रवार को केयू सीनेट हॉल में प्रातः 11 बजे स्वर झंकार संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में अमेरिका से पधारीं विदुषी संहिता नंदी अपना गायन प्रस्तुत करेंगी और सुरेन्द्र रावल तबले का सितार वादन होगा। संगीत एवं नृत्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. आरती श्योकन्द ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी।

### जहरीली शराब से हुई मौत के मामले में 4 काबू

**बराड़ा।** जहरीली शराब पीने से हुई मौत के मामले में सीआईए-2 ने चार आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों में कुलपुर गांव का प्रदीप कुमार थंबड़ गांव का कपिल, गौरव कुमार व करनाल का अंशुल शामिल है। चारों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। यूपी के मूलचंद ने 9 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अंकित उर्फ मोगली व अन्य द्वारा बनाई गई जहरीली शराब पीने से दीपक कुमार व शिवम उर्फ लोकेश की मौत हो गई है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### हाली स्कूल में सावित्री बाई फूले को किया याद

**पानीपत।** भारत की सर्वप्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले के जन्म दिवस पर माता सीता रानी सेवा संस्था द्वारा निर्मला देशपाण्डे संस्थान स्थित हाली अपना स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने विचार प्रकट किया। स्कूल की मुख्य अध्यापिका प्रिया लूथरा ने भी आपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में पूजा सैनी,मधु यादव, रोजी चावला, सोनिया, आरती, सोनी व रोशनी ने भी अपने विचार प्रकट किए।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी मदन लाल उर्फ मदिया को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सैक्टर सात के अमनदीप सिंह ने 21 अक्तूबर 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसकी गाडी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर मामला दर्ज किया।

# हाड़तोड़ ठंड से कांपे बच्चे, बुजुर्ग और जवान

## सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने व दिन भर आसमान में बादल छाने और शीतलहर चलने से घरों में दुबके रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी की वजह से जिले में पिछले कई दिन से सुबह के वक्त घना कोहरा का प्रकोप, दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से जीवन की रफ्तार ठिठक सी गई है। लोगों के ठंड की वजह से काम धंधे प्रभावित होने लगे हैं। बुधवार को भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने के साथ दिन भ्र आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। वहीं, जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र पांच डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

■ घने कोहरे में सुबह के वक्त सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

पिछले कई दिन की तरह बुधवार को अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। जिससे मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी हुई थी। खास बात यह रही कि दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे। दोपहर दो बजे के करीब किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए।

मगर शाम चार बजे फिर से धूप गायब हो गई और लोग अपने गंतव्यों की ओर रुख करने लगे। खास बात यह रही कि दोपहर तक जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से आधा से दो घंटा देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।



यमुनानगर में बुधवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### दुकानों पर नहीं पहुंच रहे ग्राहक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। बुधवार को भी बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार गुरदेव, शशीकांत, साहिल, रविंद्र, सोनू व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि बुधवार को जिले में जहां दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा, वहीं, दिन भर शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

### तापमान घटने से ठंड ने छुटाई कंपकपी

बुधवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम पांच डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## शीतलहर से जन-जीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बुधवार को दिन भर जारी रही शीत लहर से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया है। शीत लहर के कारण दो पहिया वाहन चालकों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। हालांकि दोपहर लगभग 11 बजे धूप तो निकली लेकिन मौसम में ठंडक कम नहीं हो पाई। सुबह से ही चली शीत लहर ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर को सूर्यदेव के दर्शनों के बाद लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन दिन भर तेज शीतलहर चलती रही। शीतलहरों की वजह से लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए नजर आए। ठंड के चलते लोग दिन भर धूप में बैठे गर्माइश लेते रहे और कई जगह लोग आग जलाकर उसके आसपास बैठे हुए नजर आए। लोग ठंड से बचने के लिए सूर्यदेव से निकलने वाली किरणों की तपिश में बैठे रहे। वहीं मगर तब तक ही लोगों को राहत मिल रही है जब तक वे सूर्य की किरणों के संपर्क में रहते हैं।

■ समय से पहले ही मार्केट बंद हो गई

घर या दुकान के भीतर आते ही शीतलहर सताने लगती है। इसके अलावा ठंड से बचने के लिए चाय की चुस्कियों का सहारा भी लिया गया। सायं होते-होते भीषण ठंड ने लोगों को अपनी चपेट में ले लिया और समय से पहले ही मार्केट बंद हो गई।



ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### कड़ाके की ठंड में सेहत का रखे खास ख्याल

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर, गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई मेंबर एवं मेडिकल ऑफिसर, डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि कड़ाके की ढंड में सेहत का रखे खास ख्याल रखना बहुत आवश्यक है। सर्दियां आते ही खांसी बुखार और वायरल के साथ संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ठंड के मौसम में सर्द हवाओं के चलने, धूप कम निकलने और पाला पड़ने से सर्दी में हार्ट अटैक का खतरा अधिक हो जाता है। डॉ. अनेजा ने बताया कि सर्दी के मौसम में ठंड के कारण नसें सिकुड़कर सख्त बन जाती हैं। हालाँकि, इन्हें सक्रिय यानी एक्टिव करने के लिए ब्लड फ्लो बढ़ता है। ब्लड फ्लो बढ़ने पर ब्लड प्रेशर भी बढ़ जाता है। इसके कारण दिल पर दबाव पड़ता है जिससे हार्ट अटैक आने का खतरा बढ़ जाता है।

# शिक्षा विभाग में नौकरी के फर्जी दस्तावेज देकर बैंक से लिया चौदह लाख का लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शिक्षा विभाग के फर्जी दस्तावेज तैयार कर भारतीय स्टेट बैंक शाखा जगाधरी से लोन लेने का एक और मामला सामने आया है। आरोपी की पहचान कैथल के गांव पियोदा निवासी मोहन के रूप में हुई है। आरोपी ने बैंक में फर्जी आईडी प्रूफ व पेय स्लिप दी। जिसके आधार पर उसे 14 लाख का लोन जारी कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक शाखा नजदीक डिंपल सिनेमा की प्रबंधक सिमरित कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साल 2022 में बैंक में कैथल के गांव पियोदा निवासी मोहन सिंह ने पर्सनल लोन लेने के लिए आवेदन किया। उस समय आरोपी ने तत्कालीन बैंक प्रबंधक को बताया गया था कि वह शिक्षा विभाग में नौकरी करता है। उसने अपनी नौकरी से संबंधित दस्तावेज दिए। आईडी पुरफ व पेय स्लिप दी गई जो राजकीय हाई स्कूल चंदाखेड़ी के प्रधानाचार्य की ओर से जारी किए गए थे। यह पेय स्लिप भी मई 2022 से अक्तूबर 2022 तक की दी गई थी। इसके साथ ही सर्विस बुक की कापी भी दी थी। यहां का अस्थाई पता 55/6 सुशांत सिटी जगाधरी का दिया था। आरोपी मोहन सिंह ने बैंक में जो स्टेटमेंट बतौर दस्तावेज दी थी। उसमें उसने अपना वेतन सैनिक शिक्षा स्कूल के खाते से क्रेडिट होना दिखाया। इस बारे में आरोपी ने कहा था कि उसे डेपूटेशन पर सैनिक स्कूल में नियुक्त किया गया है। सभी दस्तावेजों की तस्दीक करने के बाद उसे एक अक्तूबर 2022 को 14 लाख रुपये का पर्सनल लोन जारी कर दिया गया। कुछ समय तक आरोपी ने किश्तें दी। बाद में उसने कोई किस्त जमा नहीं की। जब उससे किश्तें जमा कराने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। इस पर आरोपी के दिए पते व स्कूल में जाकर जानकारी ली तो पता लगा कि यहां पर इस नाम का कोई शिक्षक नहीं है। दस्तावेजों की जांच कराई तो वह फर्जी निकले।

■ किश्त जमा न कराने पर जांच हुई तो आरोपी के दस्तावेज निकले फर्जी

# करनालः जिले भर के पटवारी 3 दिन की हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आज से जिला करनाल की सभी तहसीलों के पटवारी व कानूनगो तीन दिन की हड़ताल पर रहेंगे। यह जानकारी पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के प्रधान पदम कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि आज राज्य कार्यकारिणी के आदेशानुसार यह हड़ताल तीन दिन जारी रहेगी। ये धरना जिला मुख्यालय पर डीसी ऑफिस के सामने लगाया गया। उन्होंने बताया कि जब तक सरकार पटवारियों के वेतनमान की विसंगतियों को दूर नही करेगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार ने जनवरी 2023 में पटवारियों का वेतनमान 25500 से 32100 करने की घोषणा की थी और उसकी नोटिफिकेशन भी जारी कर दी गई थी। पटवारियों की मांग है कि इसको नोशनली 2016 से लागू किया जाए। क्योंकि जो पटवारी 2016 बैच के है उनका वेतनमान आज 31100 है। जिससे 2016 बैच को कोई फायदा नही मिला है और एसीपी का भी नुकसान होगा। एसोसिएशन वेतनमान को 2016 से नोशनली और 2023 से वास्तविक रूप से लागू करने की मांग कर रही है और कोई एरियर की मांग नही कर रही है। पदम ने कहा कि यदि उनकी मांग नहीं मानी जाती तो राज्य कार्यकारिणी के आदेशानुसार इसको अनिश्चितकालीन की जा सकती है।

■ मांगे नहीं मानी तो धरना अनिश्चित कालीन हो सकता है: : पदम




मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए पटवारी व कानूनगो।

### सर्व कर्मचारी संघ ने भी धरने का समर्थन किया

इस धरने को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने भी समर्थन किया। इस अवसर संघ के जिला सचिव सेवा राम बड़सर ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस सरकार से हर वर्ग दुखी हो रहा है। इस अवसर पर कश्मीर सिंह पूर्व जिला प्रधान, अशोक कुमार उपप्रधान, धीरज सेठी सचिव, अमित कालिया प्रेस सचिव, नीरज हुडा कैशियर, राजेश कुमार उप प्रधान जसबीर सिंह, विजय पाटिल, राजेश भुक्कल, सतीश कुमार, पाला राम पटवारी, सोनू शर्मा, राजेश सहगल, रमेश कानूनगो, मनोज नारंग, प्रवीण कुमार, जयवीर, संजीव कुमार कानूनगो, राकेश हंस कानूनगो, परमवीर कानूनगो कृष्ण निर्माण प्रेस सचिव एसकेएस, अशोक कुमार ब्लॉक प्रधान निसिंग एसकेएस, लाभ सिंह आय आदि मौजूद थे।

# कार की टक्कर लगने से बाइक चालक की मौत

**यमुनानगर।** जिले के प्रताप नगर क्षेत्र के गांव फैजपुर के नजदीक कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गांव सालापुर निवासी बलिस्टर ने बताया कि उसका भाई 35 वर्षीय विकास राठी उर्फ मिथुन बाइक पर प्रतापनगर किसी काम से आ रहा था। जब वह गांव फैजपुर के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसके भाई की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई सड़क पर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# बाढ़ के दौरान हुए खराबे का पूरा मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के बैनर तले इलाके के किसानों ने एसडीएम कार्यालय पिहोवा पर रोष प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पिहोवा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने सरकार से बाढ़ के दौरान हुए खराबे का पूरा मुआवजा देने मांग की। भाकियू हल्का प्रधान कवलजीत सिंह विर्क व युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा की अगुवाई में सैंकड़ों किसान एसडीएम कार्यालय पर एकत्रित हुए और सरकार के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। भाकियू (चढ़ूनी) के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने किसानो को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार ने मुआवजे के नाम पर किसानो के साथ भद्दा मजाक किया है। सरकार द्वारा सभी ज़िला उपायुक्तों को पत्र जारी कर कहा गया है कि किसी भी किसान का बाढ़ से होने वाले खराबा की रिपोर्ट 5 एकड़ से ज्यादा की बना कर नहीं भेजनी है।यह किसानो के साथ सरासर धोखा है क्योंकि बहुत से किसान इस कारण उनके हुए नुकसान का मुआवजा मिलने से वंचित रह गए है। उन्होंने बताया कि बहुत से किसान ठेके पर जमीन लेकर कृषि करते है और जिन किसानों की काश्त 5 एकड़ से ज्यादा है, उन्हें पूरा मुआवजा नहीं मिला है। कुछ गांव जिनमें बाढ़ से नुकसान हुआ था, उन्हें पोर्टल पर वेरिफाई ही नहीं किया गया। बहुत से गांवों अस्मानपुर, ट्यूकर आदि में वेरिफाई होने के बावजूद एक रुपए का भी मुआवजा किसी किसान को नहीं मिला है। प्रिंस वडैच ने बताया कि प्रदेश में 1.41 लाख से ज्यादा किसानों ने मुआवजा मांगा था, जिनमें से 40 हजार से भी कम किसानो को मुआवजा दिया गया है।

■ भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम कार्यालय पिहोवा पर रोष प्रदर्शन करते किसान।

# बाबा बालकनाथ मतलौडा भंडारा में आज पहुंचेंगे

मतलौडा। इसराना के गांव मतलौडा में 4 जनवरी को श्री सद्धि बाबा डिगर नाथ की समाधि स्थल पर समस्त ग्रामीणों द्वारा विशाल भण्डार का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सद्धि बाबा डिगर नाथ की समाधि स्थल पर पिछले पांच सालों से बाबा खड़े श्री योगी बाबा महेश नाथ की तपस्या कर रहे थे। योगी बाबा महेश नाथ जी की तपस्या पूर्ण होने पर समस्त मतलौडा वासियों की ओर से विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। इस भंडारे में दूर-दूर से संत, महात्मा, योगी बाबा, एवं नाथ सम्प्रदाय से जुड़े अनेक साधु पहुंच रहे हैं। इस विशाल भण्डार में बाबा मस्तनाथ विश्विवद्यालय अस्थल बोहर पीठ के चांसलर एवं अलवर के पूर्व सांसद और राजस्थान की तिजारा विधानसभा के विधायक महंत बाबा बालकनाथ भी पहुंच रहे हैं। इसके साथ-साथ राजनीति से जुड़े कई राजनेताओं के साथ-साथ कई अन्य हस्तियां पहुच रहीं हैं। इस भंडारे में साधु-संतों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## किसानों ने की बेसहारा गोवंशजों को पकड़ने की मांग

# बेसहारा घूम रहे गोवंशों से नाचरौन के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र के गांव नाचरौन में दर्जनों की संख्या में बेसहारा घूम रहे गौवंशजों ने लोगों का जीना दुष्वार किया हुआ है। बेसहारा घूम रहे गौवंशज जहां फसलों को बर्बाद कर रहे हैं वहीं आते-जाते लोगों पर भी हमला करके उन्हें घायल कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने सरकार व जिला प्रशासन से बेसहारा घूम रहे गौवंशजों को पकड़कर गऊशालाओं में छुड़वाए जाने की मांग की है।

■ फसलों को बर्बाद कर रहे हैं बेसहारा घूम रहे गोवंशज

ग्रामीण साहब सिंह, कुलदीप सिंह, गुलाब सिंह, पवन, यशपाल व मनीष आदि ने बताया कि उनके गांव में पिछले काफी समय से दर्जनों की संख्या में बेसहारा गौवंशज घूम रहे हैं। जो उनकी गेहूं, बरसीन व सब्जी की फसलों को रात दिन बर्बाद करने में लगे हुए हैं। उन्होंने बड़ी मेहनत व लागत से अपनी फसलें तैयार की हैं। जिन्हें बेसहारा गौवंशजों से अपनी फसलें बचाने के लिए रात-रात भर कड़ाके की ठंड में पहरा दे रहे हैं। ताकि वह अपनी फसलों को बचा सकें। इसके बावजूद देर सवेर गौवंशज उनकी फसलों में घुसकर तबाही मचा रहे हैं। प्रभावित किसानों ने बताया कि जब वह इन गौवंशजों को खेतों से भगाने की कोशिश करते है, तो वह उन पर हमला कर देते हैं। जिससे हर समय किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से बेसहारा घूम रहे गौवंशजों को पकड़ने के लिए ठोस इंतजाम किए जाने की मांग की।



यमुनानगर के नाचरौन में घूम रहे बेसहारा गौवंशज। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस ने पकड़ी नशे की बड़ी खेप

## आरोपी से 34 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए वन ने नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने 34 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त के साथ एक कैंटर चालक को काबू किया है। आरोपी की पहचान बिलासपुर के इरफान खान के तौर पर हुई है। अब पुलिस ने आरोपी को गहन पूछताछ के लिए 4 दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए वन को सूचना मिली कि नशे की बड़ी खेप अंबाला में आ रही है। पता चला था कि आरोपी मादक पदार्थों की खेप लेकर केसरी मोड से होता हुआ जिरकपुर पंजाब की तरफ जाएगा। सूचना के बाद पुलिस ने थाना साहा के क्षेत्र केसरी मोड के पास नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक कैंटर को तलाशी के लिए रोक लिया। कैंटर की तलाशी लेने पर पर पुलिस ने 34 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया। कैंटर चालक की पहचान इरफान खान के तौर पर हुई जोकि यमुनानगर के बिलासपुर कस्बे के गांव बुढी का रहने वाला बताया जा रहा है। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

■ चालक चार दिन के रिमांड पर




पुलिस के हत्थे चढ़ा कैंटर चालक इरफान। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### अवैध देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** पुलिस ने मटका चौक जगाधरी के नजदीक से एक युवक को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। अर्जुन नगर चौंकी प्रभारी रजत शर्मा ने बताया कि देर शाम उसे सूचना मिली थी मटका चौक के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ घुम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घुम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देसी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव सालापुर निवासी रोहित के रूप में हुई।

### धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

अंबाला। थाना महेशनगर क्षेत्र में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी पुजारी चंद्रप्रकाश नौटियाल को गिरफ्तार किया है। अंबिका विहार के रहने वाले प्रमोद ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 दिसंबर 2023 को आरोपी पुजारी चंद्रप्रकाश नौटियाल ने उसकी माता से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी काबू

अंबाला। थाना अंबाला सदर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुरद्रिं व शैंटी को गिरफ्तार किया है।



अब आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पीडित महिला ने 23 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सुरद्रिं व अन्य ने उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# विकास की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिल रहा लोगों को लाभः बलवंत

- विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले के साढ़ौरा व रादौर क्षेत्र के आठ गांव में पहुंचने पर हुआ स्वागत
- यात्रा के दौरान आयोजित हुए जनसंवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर





**यमुनानगर।** साढ़ौरा क्षेत्र के गांव पीरभौली में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को शपथ दिलाते हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह तथा रादौर क्षेत्र के गांव धौडंग में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लाभार्थियों को सम्मानित करते पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज। फोटो : हरिभूमि

जिले के साढ़ौरा व रादौर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को आठ गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान साढ़ौरा में पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने मुख्यातिथि के रुप में जनता से सीधा संवाद किया। वहीं, रादौर के गांवों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

**रादौर धौडंग समेत चार गांव में हुए जनसंवाद कार्यक्रमः** विकसित भारत संकल्प यात्रा रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव धौडंग, फतेहगढ़, पालेवाला व खुर्दी में पहुंची। जहां पर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने ग्रामीणों के साथ यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। मौके पर उन्होंने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कई लोगों की बुढ़ापा पैंशन बनाई गई तो कई के पीले राशन कार्ड बनाए गए। इसके अलावा कई विद्यार्थियों को उत्कृष्ट स्थान हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर सरपंच रिम्पी सैनी, हैप्पी खेड़ी, संदीप राणा, डॉ. ऋषिपाल सैनी व नायब सिंह आदि मौजूद रहे।

### पीर भौली में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

बुधवार को साढ़ौरा के पीर भौली, रतुवाला, कल्याणपुर अंटारी व सलेमपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर पूर्व विधायक बलवंत सिंह व जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। मौके पर पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आम जन तक पंहुचते हुए लोगों को और अधिक लाभ आबंटित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को घरद्वार पर लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने रजनीश, सतीश कुमार, कर्मबीर, सुरेन्द्र कुमार, चरण सिंह, मनीष, जय कुमार, जय प्रकाश को स्वामित्व योजना के तहत रजिसट्रियां वितरित की। समाजसेवी सुल्तान, गुरमेल, रघुबीर, बलदेव, बलवंत सिंह, हिशम सिंह, जरनैल सिंह, मनीष कुमार, अशोक कुमार, पिरथी, जय कुमार, रमेशए कर्मवीर को सम्मानित किया। स्कूली बच्चे योगेश, रक्षित, लवीश, शशि सैनी, जसमीत, मन्नत, गुजन, अनवी और स्वयं सहायता समूह की पूनम रानी, शशी बाला, कुसुम को सम्मानित किया। वहीं, सुल्तान सिंह, बलदेव, शकुंतला, बलदेव सिंह, चम्पा देवी, सुखदेवी, पंच राम, सतपाल व रणबीर की बुढ़ापा पेंशन बनाई गई।

### श्रद्धालुओं ने गगनभेदी आवाज में लगाए जय श्रीराम के जयकारे

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में निकाली पूजित अक्षत शोभायात्रा

- श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** में पूजित अक्षत शोभायात्रा निकालते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह अभियान के तहत बुधवार को शहर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत (पीले चावल) की पूजित अक्षत शोभायात्रा निकाली गई।

जिसमें शामिल श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर वातावरण को श्रीराममय बना दिया। पूजित अक्षत शोभायात्रा शहर की मॉडल कॉलोनी से अभियान के नगर संयोजक राजन बजाज के नेतृत्व में निकाली गई। मॉडल कॉलोनी से शुरु होकर शोभायात्रा विभिन्न मार्गोर् से होती हुई रामजी की कुटिया, आजाद नगर, त्रिमूर्ति भवन, नीलकंठ मंदिर, भाटिया नगर में लक्ष्मी नारायण मंदिर व विभिन्न मंदिरों से होती हुई वापस बजरंग भवन पर समाप्त हुई।

यात्रा के दौरान यजमान सिर पर पूजित अक्षत से भरा कलश रखकर चल रहे थे। शहरवासियों ने पूजित अक्षत शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। यात्रा में काफी संख्या में पुरुषों के साथ साथ महिलाओंए बुजुर्ग, बच्चों व शहर के कई मौजिज लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान सभी ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर उनकी महिमा का गुणगान किया और भगवान श्रीराम के भजनों पर नृत्य किया।

### कलश यात्रा शहर के सभी मंदिरों में जा रही

मौके पर अभियान के नगर संयोजक राजन बजाज ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में कथा के दौरान भगवान श्री राम का राजतिलक किया जाएगा। राजतिलक के बाद दीपावली की तरह दीप जलाए जाएंगे। 22 जनवरी को होने वाले श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को लेकर अयोध्या से पूजित अक्षत आए हैं। इन पूजित अक्षत की शोभायात्रा के रूप में नगर परिक्रमा की जा रही है। यह कलश यात्रा शहर के सभी मंदिरों में जा रही है। शहरवासियों द्वारा इसका भव्य स्वागत किया जा रहा है। लोग भगवान श्रीराम के जयकारे लगाकर यात्रा की शोभा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो अक्षत अयोध्या से आए हैं उनमें और अक्षत मिलाकर उन्हें श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्र, श्री राम मंदिर के फोटो के साथ घर घर वितरित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों को आहवान किया कि 22 जनवरी को हर शहरवासी अपने घर में दीप जलाए और इस समारोह को दीपावली की तरह मनाए।



**यमुनानगर।** रादौर में सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते सैनी समाज के लोग।

# सावित्री बाई फुले की श्रद्धापूर्वक मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- सैनी समाज द्वारा रादौर में आयोजित किया कार्यक्रम

सैनी समाज रादौर के तत्वावधान में बुधवार को कस्बा के खेड़ा मोहल्ला में सावित्री बाई फुले की 193 वीं जयंती मनाई गई। समाज के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समाज के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि बताया कि देश की पहली महिला शिक्षक, समाज सेविका सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित छोटे से नयागांव नामक गांव में हुआ था। वह भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापिका थी। कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले को भारत रत्न अवार्ड देने की मांग की। संदीप सैनी व सतीश सैनी ने बताया कि जब वह महज 9 वर्ष की थीं तो उनका विवाह 13 साल के ज्योतिराव फुले से कर दिया गया था। जिस समय सावित्रीबाई फुले की शादी हुई, उस समय वह अनपढ़ थीं। प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती दिवस को महिला शिक्षिका दिवस घोषित करने एवं महात्मा ज्योतिबा फुले तथा सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की मांग की। मौके पर अनिल सैनी, बिट्टू सैनी, विक्रम सैनी, नरेंद्र सैनी, रघुवीर सैनी, विजय, सोनू सैनी, संजय , श्याम सैनी व सतीश आदि मौजूद थे।

# ईआरपी सॉफ्टवेयर विद्यार्थियों के लिए है लाभकारीः सेहरा



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- डीएवी कॉलेज में ईआरपी सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

डीएवी कॉलेज फॉर गर्ल्ज में बुधवार को फैकल्टी डेवलपमेंट सेल के तत्वावधान में ईआरपी सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मीनू जैन ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में ओकी डोकी सोलूशन्स एलएलपी के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर विश्वास सेहरा ने भाग लिया। मुख्य वक्ता विश्वास सेहरा ने बताया कि ईआरपी सॉफ्टवेयर छात्र डाटा को सँभालने और सिस्टम से सभी संग्रहित डाटा को कुशलतापूर्वक पुनः प्राप्त करने में सक्षम हैं। यह विद्यार्थियों के प्रदर्शन का समग्र दृष्टिकोण प्राप्त करने कि लिए नामांकन, प्रवेश, कक्षा और अनुभाग आबंटन व विषय आदि की प्रक्रिया का प्रबंधन कर सकता है। ईआरपी सॉफ्टवेयर विद्यार्थियों के लिए बड़ा लाभकारी है। उन्होंने बताया की ईआरपी सॉफ्टवेयर के माध्यम से विद्यार्धियों का ऑनलाइन प्रवेश करने, रिपोर्ट तैयार करने, आईडी कार्ड बनाने, ऑनलाइन संचार करने, पाठ्यक्रम व समय सारिणी प्रबंधित करने, ऑनलाइन मूल्यांकन करने, छात्र प्रगति को ट्रैक करने व डाटा विश्लेषण का भी काम किया जा सकता है। उन्होंने स्टाफ के प्रश्नों व शंकाओ का भी समाधान किया।

### घर व दुकान से नकदी समेत सामान की चोरी

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने सूने घर व दुकान के ताले तोड़कर 50 हजार रुपये की नकदी व लाखों रुपये का अन्य सामान चोरी कर लिया। मायापुरी बैंक कॉलोनी निवासी सुरेंद्र पाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक जनवरी को शाम चार बजे परिवार के साथ घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। रात को 10 बजे जब वह घर लौटे तो ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 22 हजार रुपये की नकदी, चार सोने की अंगूठियां, चांदी का कडा व अन्य सामान गायब मिला। जिसकी कीमत करीब 60 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, जठलाना निवासी अजय कुमार ने बताया उसकी कस्बे में करियाना व मोबाइल की दुकान है। चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर 20 हजार रुपये की नकदी, दो इयर बंडल, 50 लाइटर, दो टरीमर मशीन व अन्य सामान चोरी कर लिया।

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया मामला दर्ज

# जिला पटवारी एवं कानूनगो यूनियन ने किया प्रदर्शन

- प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी
- मांगें जल्द पूरी नहीं की तो बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय के समक्ष तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के शुभारंभ पर पहले दिन धरना प्रदर्शन करते हुए पटवारी व कानूनगो।

जिला पटवारी एवं कानूनगो यूनियन के सदस्यों ने बुधवार को अपनी मांगो को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के दौरान पहले दिन धरना प्रदर्शन किया। मौके पर उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही उन्होंने उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी। बुधवार सुबह जिला पटवारी एवं कानूनगो यूनियन के जिला भर से दर्जनों पटवारी व कानूनगो जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। मौके पर यूनियन नेता एवं पटवारी रामफल ने बताया कि पिछले काफी समय से उनकी मांगे लंबित पड़ी हैं। जिन्हें सरकार पूरा नहीं कर रही है। इस संबंध में यूनियन का प्रदेश कार्यकारिणी के प्रतिनिधिमंडल की जनवरी 2023 में दिल्ली में हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ बैठक हुई थी। जिसमें उनकी वेतन वृद्धि समेत अन्य मांगे पूरी होने पर सहमति बनी थी। मगर इसके बावजूद उनकी मांगे पूरी नहीं की गई। हालांकि सरकार ने इस दौरान उनकी कुछ मांगो को लेकर अधिसूचना भी जारी की थी। मगर अधिसूचना जारी होने के बाद भी उनकी मांगे जस की तस पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने उनकी तीन दिवसीय शुरु की गई सांकेतिक हड़ताल के दौरान भी उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो वह बड़ा निर्णय लेने के लिए मजबूर होंगे। यूनियन नेता रामफल ने बताया कि जिले में पटवारियों व कानूनगो के पद भी खाली पड़े हैं। जिले में जो मौजूदा पटवारी हैं, उन पर पूरा जिले का भार है। जिससे लोगों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से पटवारी व कानूनगो की लंबित पड़ी मांगों को जल्द पूरा किए जाने की मांग की।

### सामाजिक बुराइयों को दूर करने का लिया संकल्प

**यमुनानगर।** हरियाणा जनकल्याण संघ के तत्वावधान में बुधवार को शहर के माडल-टाऊन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संघ के सदस्यों ने सामाजिक बुराईयों को दूर करने व पर्यावरण संरक्षण करने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संयोजक सुखबीर सिंह ने की। उन्होंने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण और समाजिक बुराईयों को दूर करने क लिए आह्वान किया। सिंह ने युवाओं को चरित्रवान बनने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रदेश महासचिव देवेंद्र ने कहा कि आज समाज में भ्रष्टाचार, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी समाजिक बुराईयां फैलने से लोगों का मन दूषित होने लगा है। उन्होंने कहा कि इन बुराईयों को दूर करने में युवा वर्ग अपनी भूमिका निभा सकता है। मौके पर जयबीर, सुरेश, मांगा राम, सुशील, जीवन राम, रविश व सतीश आदि मौजूद थे।

### मारपीट के आरोप में तीन नामजद दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** जोडिया नाका के नजदीक साबी ढ़ाबे के पास बाइक सवार युवकों ने नंदा कॉलोनी निवासी तरसेम कुमार को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार तरसेम कुमार ने बताया कि वह किसी काम से जोडिया नाके पर गया था। जब वह साबी ढ़ाबे के पास पहुंचा तो वहां पर नानक नगर निवासी अमित कुमार, मंडेबर निवासी प्रजवल, प्रशांत व दो अन्य युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जारी किए आदेश

- रात्रि दस बजे से सुबह छह बजे के बीच किसी ने ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग किया तो होगी कार्रवाई : जालुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए जारी किए गए आदेशों की जानकारी देते हुए एसडीएम यश जालुका।

जिला प्रशासन द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित करने को लेकर आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार रात्रि दस बजे से लेकर सुबह छह बजे तक ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग करने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।

आदेशों में यदि कोई प्रतिबंध समय में ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जगाधरी के एसडीएम यश जालुका ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा विद्यार्थियों, रोगियों और बुजुगोंर् को अनावश्यक शोर से होने वाली असुविधा को देखते हुए प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रसारण यन्त्रों के अनावश्यक प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि अक्सर देखा गया है कि विवाह तथा अन्य समारोहों में लोग रात भर डीजे द्वारा ध्वनि प्रदूषण बढ़ाते हैं। जिससे आस पास पढ़ाई करने वाले बच्चों, रोगियों और वरिष्ठ नागरिकों को असुविधा होती है और अनावश्यक शोर से मनुष्य की श्रवण शक्ति प्रभावित होती है।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की पालना न करने वाले लोगों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए माननीय सवार्ेच्च न्यायालय के आदेशों की पालना करके अपना सहयोग दें।

### मेयरने निगम के वार्ड नंबर 21 में नागरिक सुविधा केंद्र का किया शुभारंभ

# प्रत्येक वार्ड में खोले जाएंगे नागरिक सुविधा केंद्र : चौहान

- नगर निगम मेयर मदन चौहान ने नागरिक सुविधा केंद्रों पर नगर निगम से संबंधित कार्यो के होने का जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र के लोगों को अब निगम से संबंधित कार्यों के लिए अब कार्यालयों को चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके लिए नगर निगम द्वारा निगम के प्रत्येक वार्ड में नागरिक सुविधा केंद्रों का शुभारंभ करने का निर्णय लिया है। इस क्रम में नगर निगम के मेयर मदन चौहान ने निगम के वार्ड नंबर 21 में तीसरे नागरिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) का रिबन काटकर शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने नागरिकों को नागरिक सुविधा केंद्र के खुलने से वार्ड के नागरिकों के कार्य सुविधा केंद्र में ही किए जाने का दावा जताया है।

मेयर मदन चौहान ने कहा कि अब वार्ड 21 के लोगों को निगम संबंधित कायोंर् के लिए नगर निगम कार्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। वह नागरिक सुविधा केंद्र में ही अपना कार्य करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक निगम द्वारा वार्ड नंबर 21, वार्ड नंबर नौ व वार्ड नंबर 14 में नागरिक सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया जा चुका है। तीनों केंद्रों में स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई है। जहां अब नगर निगम संबंधित कार्य करने का काम शुरू कर दिया गया है। जल्द ही अन्य वाडोंर् में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। नागरिक सुविधा केंद्र का उद्घघाटन करने के बाद मेयर मदन चौहान, संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा, पार्षद अभिषेक मोदगिल व अन्य ने केंद्र का जायजा लिया। वहां रखे कंप्यूटर सिस्टम व अन्य उपकरणों की जांच की। केंद्र पर नियुक्त किए गए स्टाफ से बातचीत कर उन्हें हर नागरिक का समय पर कार्य करने के निर्देश दिए।



**यमुनानगर।** वार्ड नंबर 21 में नागरिक सुविधा केंद्र का शुभारंभ करने के बाद नगारिकों को संबोधित करते मेयर मदन चौहान। फोटो : हरिभूमि

### केंद्र पर ये सुविधाएं होंगी उपलब्ध

मेयर मदन चौहान ने बताया कि नागरिक सुविधा केंद्रों में संपत्तिकर भुगतान, पेयजल बिल, विवाह पंजीकरण आवेदन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित नगर निगम से संबंधित अन्य नागरिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट खराब होना, सफाई, गलियों व जर्जर सड़कों से संबंधित शिकायतें दर्ज करवाई जा सकेंगी। इससे नागरिकों को नगर निगम कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें अपने वार्ड में ही यह सुविधाएं आसानी से प्राप्त की जा सकेंगी। मौके पर जगदीश बब्बर. उमेश प्रताप वत्स, डॉ. शिव कुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मेहनती कर्मचारी ही सच्चा कर्मयोगी : इंदू

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेश्वर में चल रहे एक दिवसीय कर्मयोगी प्रशिक्षण के दौरान खंड मौलिक खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर, इंदू कौशिक ने कहा कि एक मेहनती, कर्मठ व आदर्श अध्यापक ही सच्चा कर्मयोगी होता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में अध्यापक की भूमिका में काफी बदलाव हुआ है। अध्यापक जहां वह बच्चों को शिक्षा देता है, वही उसके जीवन मूल्यों एवं नैतिक मूल्य के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।



### जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां की वितरित

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत जाधव भारतीय पुलिस सेवा साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र जरूरतमंद लोगों को भोजन परोस रही है। इस कार्य में जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र भौरिया का विशष सहयोग प्राप्त है। रोटी बैंक ऐसे लोगों तक भोजन पहुंचा रही है।



### अक्षत वितरण कर बुलावा घर घर दे रहे रामभक्त

**कुरुक्षेत्र।** अयोध्याजी में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम प्रतिष्ठा समारोह व पूरे देश में मनाए जाने वाली महा राम दीपावली के संदर्भ में अक्षत वितरण अभियान महर्षि मारकंडेश्वर कि धर्म नगरी में पूरे जोर-शोर से चल रहा है। धर्मनगरी झांसा में सुबह के समय और शाम के समय कार्यकर्ता टोलिया बनाकर, गले में भगवा पा कर, जय श्री राम के नारे लगाते हुए घर-घर का दरवाजा खटखटा रहे हैं और बुलावा दे रहे है।

## शहर में जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने और भोजन उपलब्ध करवाने की प्रशासन करें व्यवस्था

# बैठक में कैबिनेट मंत्री ने गैर हाजिर रहने वाले अफसरों को नोटिस जारी करने के दिए आदेश

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में 15 में से 12 शिकायतों का मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में समस्याओं का समाधान करते हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय एवं आवास मंत्री डा. कमल गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय एवं आवास मंत्री डा. कमल गुप्ता ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में गैर हाजिर रहने वाले 3 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए है। इसके साथ ही सभी अधिकारियों की एसीआर में भी टिप्पणी अंकित करने के निर्देश दिए है। खास बात यह है कि कोई भी एचओडी जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में अपने अधीनस्थ अधिकारी को बैठक में नहीं भेजेगा और एचओडी को स्वयं बैठक में उपस्थित रहना होगा। इतना ही नहीं कैबिनेट मंत्री ने गांव छपरा-छपरी में छात्राओं की समस्या का समाधान करते हुए रोडवेज विभाग के जीएम को तुरंत प्रभाव से स्कूल आने-जाने के लिए बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता बुधवार को देर सायं न्यू लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की नौवीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कुरुक्षेत्र वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और अधिकारियों को नव वर्ष में पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ काम करने के लिए कहा है। इसके साथ ही अधिकारी सरकार की नीतियों, योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करेंगे। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की शिकायतों को मार्क करके संबंधित विभाग के एचओडी के पास भेजा जाता है, संबंधित एचओडी इस शिकायत पर गंभीरता से काम करना सुनिश्चित करें, अगर कहीं भी लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने में देरी नहीं की जाएगी। उन्होंने गांव सिरसमा निवासी किरण गुप्ता की शिकायत पर सुनवाई करते हुए पुलिस प्रशासन का पक्ष जाना। इस मामले में अभी एफएसएल की रिपोर्ट आनी शेष है। इसलिए इस मामले पर अगली बैठक में समाधान करने का आश्वासन प्रार्थी को दिया है। शुगर मिल कर्मचारी यूनियन के महासचिव रामकुमार द्वारा फर्जी सर्टीफिकेट के आधार पर शुगर मिल में नियुक्तियां देने के मामले को कैबिनेट मंत्री ने गंभीरता से लिया। उन्होंने इस मामले में शुगर मिल के एमडी का पक्ष भी जाना और सभी की दलीले सुनने के बाद मामले की जांच एडीसी को करने के आदेश दिए है। कैबिनेट मंत्री ने गांव प्रतापगढ़ ग्राम पंचायत की शिकायत पर एक सडक से संबंधित मामले में दोनों पक्षों को सुना और आदेश दिए कि एसडीएम थानेसर इस मामले की जांच करेंगे और कष्ट निवारण समिति के सदस्य रामपाल पाली व गुरनाम सिंह एसडीएम का जांच में सहयोग करेंगे। कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता ने पत्रकारों के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था है। इसलिए कुरुक्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों में प्रशासनिक अधिकारी लोगों को ठंड से बचाने की उचित व्यवस्था करें तथा कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोए इसके लिए भोजन की भी व्यवस्था करने का प्रबंध करें। हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय एवं आवास मंत्री डा. कमल गुप्ता ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की नौंवी बैठक में 15 में से 12 शिकायतों का मौके पर समाधान किया है।

### शराब के ठेके के सामने पीसीआर की ड्यूटी

*कैबिनेट मंत्री ने गांव छपरा-छपरी की ग्राम पंचायत की शिकायत पर उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त के साथ-साथ प्रार्थी पक्ष को सुना। दोनों पक्षों के तथ्यों को जानने के बाद कैबिनेट मंत्री ने आदेश दिए कि शराब के ठेके के सामने पीसीआर की ड्यूटी लगाई जाए ताकि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर हुड़दंग बाजी ना कर सके। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में वीरवार से ही छात्राओं के लिए बस सेवा शुरू करने के भी आदेश दिए है। इस बैठक में कष्टद्व निवारण समिति के सदस्य साधु सिंह, मदन लाल, मंदीप विर्क, सुरेंद्र जैन, विशाल सिंगला, सुखदेव सिंह, नरेंद्र सिंघल द्वारा रखी गई शिकायतों पर भी अधिकारियों को गंभीरता के साथ निपटान करने के निर्देश दिए है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते हुए एजेंडों की शिकायतों पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस मौके पर विधायक सुभाष सुधा, एडीसी अखिल पिलानी, जिप अध्यक्ष कंवलजीत कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, डीएसपी प्रदीप कुमार, डीएसपी सुभाष चंद्र आदि अधिकारी उपस्थित थे।*

### विधायक सुभाष सुधा ने 200 रजिस्ट्रियों के इंतकाल ना होने का उठाया मामला

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर के लोगों की इंतकाल से संबंधित समस्या को दूर करने के लिए विशेष शिविर लगाए गए थे। इन शिविरों में लगभग 200 लोगों ने रजिस्ट्री होने के बावजूद इंतकाल होने का आवेदन दिया था। इन आवेदनों को आगामी कार्रवाई के लिए तहसीलदार व नायब तहसीलदार थानेसर को भेजा गया था। इन अधिकारियों ने 200 में से केवल 2-3 इंतकाल ही किए है। इस मामले में विधायक सुभाष सुधा ने कई ओर विषय भी रखे। विधायक की इस शिकायत पर कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कड़ा संज्ञान लिया और राजस्व विभाग के अधिकारियों को इंतकाल करने के आदेश भी दिए। इन आदेशों पर उपायुक्त शांतनु शर्मा ने तहसीलदार को निर्देश दिए है कि सभी आवेदनों पर दोबारा विचार-विमर्श कर जल्द से जल्द इंतकाल किए जाए।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**थानेसर।** गुदगुदी जंक्शन समूह कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाई वितरण शिविर 4 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए समूह पदाधिकारी गुलशन ग्रोवर ने बताया कि हेल्थ ग्रुप स्वास्थ्य संजीवनी के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह मेडिकल कैंप वीरवार, 4 जनवरी को दोपहर 3 से सांय 5 बजे तक कालेश्वर तीर्थ के निकट श्री शिरडी सांई मंदिर में लगाया जाएगा। जिसमें आंख-कान-नाक व गला रोग, सामान्य रोग एवं स्त्री व बाल रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच करके मुफ्त दवाई वितरित करेंगे।

### मानव सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य

**कुरुक्षेत्र।** मानव सेवा ही सबसे बडे. पुण्य का कार्य है क्योंकि मानव सेवा ईश्वर सेवा के समान है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी सेवा को परम धर्म माना गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना भी स्वयंसेवकों को हर प्रकार की परिस्थिति में मानवता के कल्याण के लिए प्रेरित करती है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोकल आडिट विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. चांद राम भुक्कल ने बुधवार को यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। हमें केवल व्यक्ति के उत्थान के ही नहीं, बल्कि उसके अंदर श्रेष्ठत्व चरित्र निर्माण, समाज, राष्ट्र हित एवं मानवता कल्याण की भावना जागृत करने का कार्य करना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सहजधारियों की वोट बनाने वालों पर हो कार्रवाई

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी सिखों की संस्था है और इसके प्रतिनिधि चुनने का अधिकार भी केवल अमृतधारी व साबतसूरत सिख के पास है। मगर एचएसजीएमसी की वोटर लिस्ट में सहजधारियों की वोट बनाना, सरासर लापरवाही है। यह कहना है कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना का। हरियाणा कमेटी के चुनाव को लेकर बनाई गई वोटों में सहजधारी लोगों की वोट बनाने का मामला प्रकाश में आने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि सीधे तौर पर यह मामला लापरवाही का है। सरकार ने इस संबंध में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई थी, लेकिन इस चुनाव को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं नजर आए, इसमें बरती गई लापरवाही वोट लिस्ट देखने से ही आंकी जा सकती है। कई जिलों की मतदाता लिस्ट में सहजधारी लोगों की वोट बनाने का मामला उजागर हुआ है। इस लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## नान सिखों के वोट बनवाने का विरोध

- गुरुद्वारा चुनाव हेतु नान सिखों की वोट बनाने पर एसजीपीसी ने जताया एतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला उपायुक्त को लिखित एतराज सौंपते एसजीपीसी प्रतिनिधि मंडल।

शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर की ओर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव हेतु हरियाणा राज्य की वोटर सूची पर एतराज दर्ज करवाया गया है। कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र को लिखित आपत्ति जताई गई है। एसजीपीसी द्वारा संचालित सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र के प्रभारी सुखविंदर सिंह और धर्म प्रचार कमेटी के हरियाणा से सदस्य तेजिंदरपाल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में दर्ज करवाए एतराज में कहा गया है कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के चुनाव हेतु हरियाणा राज्य की वोटर सूची जारी की गई है। इस चुनाव में वोट बनवाने के लिए जारी दिए दिशा निर्देश अनुसार कोई भी सहजधारी वोट नहीं बनवा सकता है। हरियाणा राज्य की जिलावार जारी वोटर लिस्ट में बहुत सारे सहजधारी (नान सिख जो दाड़ी/ केस काटते है) की वोट बन गई है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव हेतू बनाए सिख इलैक्शन बोर्ड द्वारा जारी नियमों के अनुसार कोई भी सहजधारी या सिख धर्म से संबंध न रखने वाला इस चुनाव में वोट नहीं डाल सकता। सहजधारी/नान सिख वोट बनने से चुनाव के समय गलत वोटिंग हो सकती है। दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि हरियाणा राज्य की जिलावार जारी वोटर सूची से सिख संगत में काफी रोष है।

## खबर संक्षेप



### बिजली मंत्री की वायदा खिलाफी पर सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** आल हरियाणा पावर कापोरेंशन वर्कर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर बिजली मंत्री के नाम एक ज्ञापन कार्यकारी अभियंता कार्यालय में हैड क्लर्क पवन कुमार को सौंपा। मांगों को लेकर लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है, जिसके तहत बिजली मंत्री कैंप कार्यालय सिरसा पर धरना प्रदर्शन चल रहा था और बिजली मंत्री के साथ दो दौर की वार्ता भी हुई थी। इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति हुई थी, जिनमें दिवाली गिफ्ट की राशि में बढ़ोतरी, सभी प्रकार के कर्मचारियों व उनके आश्रितों को मेडिकल सुविधा, सभी कर्मचारियों को वर्दी देना, हर पावर हाउस में शिफ्ट में 2 कर्मचारी देना, सर्कल लेवल पर ट्रेनिंग देना, सभी कर्मचारियों को टी एंड पी दिल देना आदि मुख्य मांगें थी। सभी को पूरा करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक पूरी नहीं हुई हैं।



### रिश्वतखोर कर्मचारियों पर हो कारवाई : योगेश शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** जजपा नेता योगेश शर्मा ने कहा कि थानेसर नगर परिषद में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले रिश्वतखोर कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ विधायक और प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इन सभी रिश्वतखोर कर्मचारियों और अधिकारियों के कारण आमजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे। ऐसे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का यह दायित्व बनता है कि वह ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे। जजपा नेता योगेश शर्मा बुधवार को थानेसर नगर परिषद कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों की पोल खोलते नजर आए।

### संघर्ष भरा रहा सावित्री बाई फुले का जीवन : रजवंत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक संघ की प्रधान व शुभ कर्मन चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रधान रजवंत कौर ने कहा कि सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका व मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने लोगों से आने वाले पीढ़ी को शिक्षित व संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। सावित्री बाई फुले की जयंती पर रजवंत कौर, सरोज शर्मा, विनिता सारसा, सरोज, प्रतिभा, सुमन, कंचन, रीना, सोनम, आशा, रेखा, अंजू, गीता, मीना, नेहा ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



**कुरुक्षेत्र।** खाद्य सामग्री वितरित करते भाजपा नेता कृष्ण बजाज व समिति के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री की वितरित

**कुरुक्षेत्र।** नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता एवं देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति व माया चेरिटेबल ट्रस्ट ने एलएनजेपी अस्पताल में स्थित जिला क्षय निवारण विभाग में टीबी मरीजों के लिए प्रोटीन युक्त आहार भेंट किया। भाजपा नेता कृष्ण बजाज, डिप्टी सिविल सर्जन डा. संदीप अग्रवाल, माया चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रधान सीमा सिंह, सुमन सैनी, सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, कर्मवीर सैनी, तरुण वधवा, पुनीता सेतिया द्वारा 40 टीबी मरीजों को राशन किट का वितरण किया गया। इसमें चावल, दाल, मसाला मोमबत्ती, सोयाबीन बड़ी एव अन्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका व मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए।

## 21 को अनाज मंडी में होगा कांग्रेस का सम्मेलन

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा प्रदेश कांग्रेस प्रधान उदय भान संबोधित करेंगे सम्मेलन को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मंचासीन पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा तथा अन्य नेतागण।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान 21 जनवरी को कुरुक्षेत्र की नई अनाज मंडी में जिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन की तैयारी को लेकर पंजाबी धर्मशाला में पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कार्यकताअरं की बैठक बुलाकर उनकी ड्यूटिया लगाई। अशोक अरोड़ा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रत्येक जिला में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र में भी यह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। इस सम्मेलन में कार्यकर्ता इतनी भारी संख्या में आएंगे कि सम्मेलन रैली का रूप धारण करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रत्येक बूथ पर 10-10 कार्यकर्ता की टीम बनाई गई है। इस सम्मेलन में जिला भर के बूथों से कार्यकर्ता पहुंचेंगे। अशोक अरोड़ा ने कहा कि भाजपा की हरियाणा सरकार से प्रदेश का हर वर्ग दुखी है। किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी सहित सभी वर्ग इस सरकार से दुखी हैं। प्रदेश की जनता ने बदलाव लाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जलेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, कांग्रेसी नेता मेहर सिंह रामगढ़, जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रधान सुरेंद्र सैनी, निशी गुप्ता, सुनीता नेहरा, ओमपाल कश्यप, टेकचंद बारना, सतीश गर्ग, रणवीर सिंह बुरा, डॉक्टर कृष्ण चंद्र रहलान, युवा कांग्रेस के जिला प्रधान राजन बोदला, हरीश कवात्रा ,वीरेंद्र सिंह एडवोकेट , प्रेम हींगाखेड़ी, सुभाष मिजार्पुर, जगदीश राठी ओमप्रकाश पलवल आदि रहे।

## महिलाओं को शिक्षित करने के लिए सावित्रीबाई फुले ने कठिन प्रयास किए

# महिलाओं के लिए प्रेरणस्रोत थी साबित्रीबाई: सुदेश

- जनसंघर्ष मंच हरियाणा ने देश की प्रथम शिक्षिका को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जनसंघर्ष मंच हरियाणा की ओर से देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के 194 वें जन्मदिवस पर उनकी याद में शास्त्री नगर कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मंच की जिला सचिव चन्द्र रेखा, महासचिव सुदेश कुमारी, उपाध्यक्ष उषा कुमारी ने सावित्रीबाई फुले द्वारा शोषित पीड़ित वंचित वर्ग यानि महिलाओं, कन्या शिशुओं, बच्चों की भलाई के लिए दिए गए उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला व उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच की नेता चन्द्र रेखा व ऊषा कुमारी ने बताया कि 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नाए गांव में जन्मी सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले व अपनी सहयोगी फातिमा शेख के साथ मिलकर देश में 1848 में प्रथम बालिका स्कूल पुणे में खोला था जिसमें हर जाति व धर्म की बालिकाएं पढ़ती थी। उन्होंने कहा कि उस जमाने में हमारे देश में हिंदू धर्म में यह स्थापित मान्यताएं थी कि स्त्री व शूद्र अध्ययन नहीं कर सकते और इस बुरी मान्यता कुरीति का सभी वर्गों के लोग पालन करते थे लेकिन सावित्रीबाई फुले व उनके पति ज्योतिबा फुले ने हिंदू धर्म की जाति वर्ण व्यवस्था व महिलाओं पर पुरुषों के वर्चस्व के खिलाफ नारी शिक्षा के लिए संघर्ष किया। महासचिव सुदेश कुमारी ने बताया कि महिलाओं और दलित जातियों को शिक्षित करने के लिए सावित्रीबाई फुले ने कठिन प्रयास किए। छुआछूत मिटाने, महिलाओं की मुक्ति एवं शिक्षित करना ही उनके जीवन का उद्देश्य बन गया था इसके लिए उन्हें धार्मिक कट्टर रूढ़िवादी ताकतों के विरोध का भारी सामना करना पड़ा। इस प्रोग्राम में सोमनाथ, पूजा, प्रतिमा, मेमवती, सीता, किरण पाल, पुष्पा व अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

## सावित्रीबाई फुले को किया नमन

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र। सावित्रीबाई फुले को जयंती पर नमन करते समाजसेवी पवन हबाना, सुभाष कलसाना व अन्य। 3केयूके07

वरिष्ठ समाजसेवी पवन हबाना ने कहा कि सावित्रीबाई फुले को समाज सेविका, कवयित्री और दार्शनिक के तौर पर पहचाना जाता है, लेकिन वो देश की पहली महिला शिक्षिका थीं। महाराष्ट्र के सतारा जिले के छोटे से गांव में जन्मी सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों की शिक्षा के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और खुद शिक्षित होकर लड़कियों के लिए देश का पहला महिला विद्यालय खोला. जिस समय पर शिक्षा के लिए आवाज उठाई, उस दौर में लड़कियों की शिक्षा पर कई तरह की पाबंदियां लगी हुई थीं। ऐसे में उन्हें लड़कियों और महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। वही एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना और समाजसेवी दीपक आनंद ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने नारी शिक्षा, सम्मान, सशक्तिकरण व स्वाभिमान के लिए निरंतर संघर्ष कर समाज में एक नई चेतना का संचार किया, समाज और राष्ट्र के प्रति उनके कार्य व समर्पण सदैव देशवासियों को प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। आज महिलाओं को शिक्षित करने और उनके सशक्तिकरण में अहम योगदान देने वालीं सावित्रीबाई फुले की जयंती पर नमन किया। इस अवसर पर विनोद हबाना, साहिल वर्मा, गुलशन निम्मा और संजीव वर्मा मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



अंबाला। गायों को चारा डालते चेतन चौहान व सहयोगियों के साथ गौशाला में। फोटो : हरिभूमि

### चेतन के जन्मदिन पर कई जगह कार्यक्रम

**अंबाला।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चेतन चौहान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुधवार को अंबाला शहर में विभिन्नि स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने चेतन चौहान की दीर्घायु की कामना की। सुबह अंबाला शहर सिविल अस्पताल में कांग्रेस सेवा दल के हल्का अध्यक्ष रवद्रिं कुमार व उनके साथियों ने चाय और ब्रेड का लंगर लगाया साथ ही मरीजों को भी खाने पीने का सामान वितरित किया।

### स्कूल भवन निर्माण का झांसा दे 60 लाख हड़पे

**जींद।** नरवाना में स्कूल नवीनीकरण करने तथा निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा करने का झांसा देकर 60 लाख रुपये हडपने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सट्टा खाईवाल करते एक काबू, 5770 रुपये मिले

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने अपोलो रोड पर एक व्यक्ति का सट्टा खाईवाल करते काबू कर उसके कब्जे से 5770 रुपये की नगदी बरामद की है। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि रामबीर कालोनी निवासी प्रदीप सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रदीप को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे 5770 रुपये की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद हुई।

# अद्दोमाजरा में बने 1050 आयुष्मान कार्ड, विधायक बोले, मोदी ने दी 3 करोड़ की स्वस्थ्य गारंटी

- कई गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही है। मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी। तभी हम इस संकल्प को पूरा करने में सफल होगें। विधायक बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव अद्दो माजर, खासपुर, सकराहों व हुमांयुपुर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। गोयल ने कहा कि इस भूमंडल पर तीन तरह के राष्ट्र हैं। जिनमें एक अविकसित राष्ट्र है जिसमें किसी प्रकार का कोई काम नही हुआ है। दूसरा विकासशील जैसे हमारा भारत देश है, जो निरंतर विकास कर रहा है। तीसरा विकसित देश है जिनमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। पूरी दुनिया में 37 देश विकसित हैं। हमें उन 37 देशों की श्रेणी में शामिल होने के लिये संकल्प लेकर अपने राष्ट्र को 38वां विकसित राष्ट्र बनाना है।उन्होंने कहा कि मोदी की गांरटी वाली गाड़ी आपके गांव में आई है, यह गाड़ी भारत के पौने तीन लाख गांवों में जाएगी। ने साढे 9 साल पहले मोदी को एक नया भारत बनाने के वश्विास के साथ देश की बागडोर संभाली थी। उन्होंने कहा कि भारत मदद लेने वाला देश नहीं बल्कि मदद करने वाला देश बन चुका है। इस मौके पर विधायक ने यह भी कहा कि गांव अद्दोमाजरा में पहले आयुष्मान योजना के तहत 750 आयुष्मान कार्ड बने हैं। कार्यक्रम में 300 आयुष्मान कार्ड और बने हैं यानि 1050 आयुष्मान कार्ड आपके गांवों में बने है इसका मतलब है कि 3 करोड़ रुपये से ज्यादा की स्वास्थ्य की गांरटी मोदी ने आपके गांव के लोगों को दी हैं। इसी प्रकार सीएम मनोहर लाल ने भी प्रदेश में 2 करोड़ 70 लाख लोगों को अपना परिवार मानते हुए उनकी सुरक्षा और उन्हें सुविधाएं देने का काम किया है। कार्यक्रम के तहत गांव खासपुर में 22 आयुष्मान कार्ड व एक बुढापा पैंशन बनी तथा सकराहों में 30 आयुष्मान कार्ड बने व हुमांयुपुर में 25 आयुष्मान कार्ड बने व एक बुढापा पेंशन बनी। विधायक ने इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वालें व्यक्तियों को सम्मानित भी किया।





अंबाला। कार्यक्रम के दौरान महिला की गोद भराई करवाते विधायक व मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर संजीव गोयल टोनी, मंदीप राणा, अनिल गुप्ता, रघुबीर नडियाली, आर्यन बत्तरा, सरपंच अद्दो माजरा सरजंट सिंह, सकराओं सरपंच चरणजीत सोनू, सरपंच प्रतिनिधि खासपुर मनीष कुमार, सरपंच प्रतिनिधि हुमांयुपुर कुलवंत सिंह, सीआरसी हैड नग्गल कोमल, नायब तहसीलदार केसर सिंह, गुरजद्दिं सिंह व भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे

## पटवारखाने में धक्के खा रहे लोग

# पटवारी-कानूनगो तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल पर

- रोषित कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को पटवारी और कानूनगो 3 दिन की सांकेतिक हड़ताल पर चले गए । इस दौरान रोषित कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उधर हड़ताल का असर कामकाज पर भी देखने को मिला। कई लोग इंतकाल व दूसरे कार्य को लेकर पटवारखानों पर धक्के खाते दिखे। वैसे तो रोज ही लोगों को छोटे छोटे कार्य के लिए पटवारियों के पीछे-पीछे घूमना पड़ता है। हड़ताल पर चल रहे पटवारियों ने सरकार पर वादा खिलाफी के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पे स्केल को लेकर एक साल पहले सरकार और उनकी बात हुई थी पर अब तक नया पे स्केल लागू नहीं हुआ। कई पटवारियों की तनख्वाह पहले से भी कम हो गई है। उन्होंने जिला स्तरीय मांगें बताते हुए कहा कि पटवारियों के लिए बैठने के लिए कोई जगह नहीं है। वर्क लोड भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार पटवारियों के वेतनमान की विसंगतियों को दूर नहीं करेगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। पटवारियों ने कहा कि राज्य सरकार ने जनवरी 2023 में पटवारियों का वेतनमान 25,500 से 32100 करने की घोषणा की थी। उसकी नोटिफिकेशन भी जारी कर दी गई थी। पटवारियों की मांग है कि इसको 2016 से लागू किया जाए, क्योंकि जो पटवारी 2016 बैच के हैं उनका वेतनमान अब 31100 है जिससे 2016 बैच को कोई फायदा नहीं मिला है। उन्हें एसीपी का भी नुकसान होगा। एसोसिएशन वेतनमान को 2016 से 2023 से वास्तविक रूप से लागू करने की मांग कर रही है। उधर अपने काम से पटवारखाने आए लोगों ने पटवारियों की हड़ताल पर खूब गुस्सा निकाला। कई लोगों ने कहा कि पटवारियों को तनख्वाह की जरुरत नहीं है। ये रोज इतने डाके मारते हैं इसके बावजूद इन्हें वेतन चाहिए। ज्यादातर का आरोप था कि जब भी काम करवाने आओ तो यह सीट पर नहीं मिलते। हर बार कहा जाता है पटवारी कोर्ट में है तो कभी बाहर है। कई ने आरोप लगाया है कि पटवारियों ने घूस लेने के लिए ऑफिस में प्राइवेट लोग रखे हुए हैं। पटवारखाने इंतकाल दर्ज करवाने के लिए पहुंचे रामगोपाल ने बताया कि पिछले एक महीने से पटवारी के चक्कर काट रहा है। पटवारी कभी ऑफिस में नहीं मिलता। उसने बताया कि वह तहसीलदार के पास भी फरियाद लेकर दो बार जा चुका है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। आज आया तो पता चला कि पटवारी हड़ताल पर है। ज्यादातर लोगों ने कहा कि हड़ताल पर चल रहे पटवारियों को तुरंत नौकरी से बर्खास्त कर उनकी जगह ईमानदार लोग भर्ती करने चाहिए ताकि घूसखोर पटवारियों से आम जनता को राहत मिले।




अंबाला। मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते पटवारी। फोटो : हरिभूमि



अंबाला। डिप्टी सुपरिटेंडेंट को ज्ञापन सौंपते बिजली कर्मी। फोटो : हरिभूमि

# विरोध पर उतरे बिजली कर्मचारी, नारेबाजी की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़**

- राज्य सरकार के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने जमकर की नारेबाजी

ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के राज्य कार्यकारिणी के नर्णिय अनुसार बिजली मंत्री से हुए समझौते की वादा खिलाफी व गांव के फीडरों को फ्रेंचाइजी पर देने के विरोध में बुधवार को यूनिट स्तर पर काले बिल्ले लगाकर पूरा दिन धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यकारी अभियंता परिचालन मंडल उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को यूनियन की ओर से बिजली मंत्री को ज्ञापन दिया गया। कार्यकारी अभियंता के मौके होने पर न होने की वजह से डप्टिी सुपरीटेंडेंट दीपा रानी ने ज्ञापन लिया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान रवि कुमार ने की व मंच का संचालन यूनिट सचिव अरुण कुमार ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करने के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक नारायणगढ के प्रधान सरदार सतनाम सिंह ने व पूर्व जिला प्रधान ब्रिज मोहन ने शिरकत की। सब यूनिट प्रधान कृष्ण पंडित ने बताया यूनियन 23 जनवरी 2023 को सर्कल स्तर पर प्रदर्शन करेगी। ब्लॉक प्रधान सतनाम सिंह, ब्रिज मोहन, यूनिट प्रधान रवि कुमार, यूनिट सचिव अरुण कुमार, यूनिट कैशियर प्रदीप कुमार पाड़ला सब यूनिट प्रधान कृष्ण पंडित,सब यूनिट सचिव अनिल कुमार, सब यूनिट कैशियर बंटी राम , कुलदीप सिंह, हरमीत सिंह, हरिंदर सिंह, कमलकांत शर्मा, कमलजीत सिंह सैनी, मुकेश कुमार सैनी, विनोद डांग, आलम सिंह, संजीव कुमार, परषोतम लाल, राकेश जांगड़ा, सचिन अग्रवाल, लखबीर सिंह, प्रवीन कुमार, अजय कुमार, दिनेश कुमार, सोहन लाल इत्यादि मौजूद थे।

# राज्य सरकार से गन्ना किसान खफा कल सरकार के पुतले का करेंगे दहन

- किसान बोले अभी तक सरकार ने नहीं ली सुध, मिल की कुर्की व गन्ने के बकाया भुगतान को लेकर कड़ाके की ठंड में धरने पर बैठे हैं किसान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़**

गन्ना मिल से जुड़े किसान अब राज्य सरकार से पूरी तरह से खफा नजर आ रहे हैं। मिल की कुर्की रोकने व बकाया भुगतान को लेकर ये किसान एसडीएम ऑफिस के बाहर कड़ाके की सर्दी के बावजूद धरना दे रहे हैं। कई दिन से चल रहे धरने पर बैठे किसानों की अभी तक किसी अधिकारी ने भी सुध नहीं ली है। रोषित किसानों ने ऐलान किया कि 5 को मुख्यमंत्री के पुतले का दहन किया जाएगा। शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष वक्रिम राणा ने कहा की सरकार किसानों की जायज मांगों को भी नहीं मान रही। प्रशासन का कोई अधिकारी अभी तक उन्हें पूछने तक नहीं आया। इसी वजह से अब मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने का नर्णिय लिया है ताकि सरकार तक उनके विरोध की गूंज पहुंच सके।




अंबाला। धरने पर बैठे गन्ना किसान। फोटो : हरिभूमि

### सरकार किसानों के बकाया पैसे की जिम्मेदारी खुद ले

संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा की सरकार से हमारी मांग है की सरकार यह सुनश्चिति करें कि अगर मिल नीलाम होता है तो नीलामी के पैसों से सबसे पहले गन्ना किसानों का पैसा दिया जाएगा। मिल में पारदर्शिता लाई जाए और जो घोटाले हुए हैं उनके उच्च स्तरीय जांच कराई जाए लेकिन सरकार और प्रशासन किसानों की जायज और कानूनी मांगों की और भी ध्यान नहीं दे रहा। सरकार और प्रशासन गांधारी बना नजर आ रहा है। ऐसे में किसानों ने नर्णिय लिया कि विरोध स्वरूप 5 को मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। इससे एक संदेश लोगों को दिया जाए की प्रदेश की सरकार और मुख्यमंत्री किसान विरोधी हैं। वह किसानों के हित में काम नहीं कर रहे हैं। ढींडसा ने कहा कि यह कहना की जो व्यक्ति भवष्यि में मिल नीलामी में खरीदेगा वह किसानों के बकाए का जम्मिेवार हो कानूनी व व्यावहारिक तौर पर गलत है। भवष्यि में मिल खरीदने वाले को पुराने मालिक की देनदारी के लिए जम्मिेदार नहीं ठहराया जा सकता। हमारी मांग है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में किसानों की तरफ से पैरवी करे और नीलामी के पैसों से गन्ना किसानों का पैसा देना सुनश्चिति करें या सरकार किसानों के बकाया पैसे की जम्मिेदारी खुद ले। वैकल्पिक तौर पर मिल को टेकओवर कर सहकारी घोषित कर सरकार चलाए लेकिन प्रशासन और सरकार किसानों को केवल उजाड़ना चाहते हैं। पूरे मामले में कानूनी रूप से कार्रवाई करने में विफल है। गन्ना किसानों के एसडीएम कार्यालय के सामने चल रहे धरने को अनेक संगठनों व नेताओं का समर्थन मिल रहा है इनमें पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण के बारे में किया जागरूक

- स्वंयसेवकों ने शिक्षा के महत्व के बारे में चर्चा की।

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक वद्यिालय में चल रहे एनएसएस कैंप के तीसरे दिन स्वंयसेवकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने की शपथ ली। कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह ने वद्यिार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ों के बिना किसी भी प्राणी का जीवन संभव नहीं है। लगातार काटे जा रहे पेड़ों के कारण पर्यावरण पर खतरा मंडराने लगा है इसलिए हमें अपने पर्यावरण को बचाने के बारे में सोचना चाहिए। इसके अलावा स्वंयसेवकों ने शिक्षा के महत्व के बारे में चर्चा की।

### विद्यार्थियों को दिए टिप्स

- थंबड़ में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का तीसरा दिन

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक वद्यिालय थंबड़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन की शुरूआत कैंप गीत व योगाभ्यास से हुई। कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि कैंप में स्वंयसेवकों को आत्मनर्भिर बनने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान स्वंयसेवकों ने अपने कार्य खुद करने का प्रण लिया। इसके बाद वद्यिार्थियों ने स्कूल प्रांगण में पार्क, किचन गार्डन आदि की साफ-सफाई की।

# कानून पर रोक लगने के बाद काम पर लौटे चालक

- चालक बोले ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की एकता व संघर्ष के आगे भाजपा सरकार ने घुटने टेके

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़**

हिट एंड रन के मामले में नए गए नए कानून पर रोक लगाने के बाद अब ट्रक चालक काम पर वापिस लौट आए हैं। सीटू ने इसे चालकों की एकता व संघर्ष की आंशिक जीत बताया है।

साथ ही भाजपा की सरकार को दो टूक कहा कि संसद में बिना बहस और चर्चा के पास किए गए इन कानूनों पर चालकों व अन्य प्रभावित तबकों से बात कर संसद में पुनः बहस के लिए भेजा जाए। चालक विरोधी कानून पर रोक लगाने की जानकारी मिलते ही चालक सुबह ही अनाज मंडी में एकत्रित हो गए। यहां कांग्रेस के वरष्ठि नेता अशोक मेहता ने चालकों के आंदोलन व मांगों का समर्थन किया। इसके बाद ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के प्रधान इकबाल व सचिव अंकित के नेतृत्व में आंदोनकारी प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यलय पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि नए साल से शुरू हुई सांकेतिक हड़ताल को जनहित में अभी स्थगित किया है परंतु कानून के रद्द होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान ड्राइवर एकता जिंदाबाद। काले कानून वापिस लो व भाजपा की सरकार मुर्दाबाद के नारों से मिनी सचिवालय गूंज उठा। एसडीएम कार्यलय पर सीटू नेता कामरेड रमेश नन्हेड़ा व कामरेड सतीश सेठी ने कहा कि ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की एकता व संघर्ष ने भाजपा सरकार को ड्राईवर विरोधी कानून पर रोक लगाने के लिए मजबूर कर दिया है। तीन दिन के इस चक्काजाम में वर्कर्स ने हन्दिू-मुस्लिम-सिख एकता की जो मिसाल कायम की उसके लिए सीटू सभी वर्कर्स को क्रांतिकारी सलाम करता है। सेठी ने कहा कि इसी भाईचारे की बदौलत ही तानाशाही सरकार का मुकाबला किया जा सकता है।




अंबाला। ज्ञापन देने जाते चालक और अन्य। फोटो : हरिभूमि

# केंद्र व राज्य सरकार की हर कल्याणकारी योजना का लाभ जनता को मिलना चाहिए

- राज्यसभा सांसद ने निगरानी समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हर हाल में जनता को लाभ मिलना चाहिए। शर्मा बुधवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मेयर शक्ति रानी शर्मा, उपायुक्त डॉ. शालीन, अतिरक्ति उपायुक्त अपराजिता व सीईओ जिला परिषद महावीर प्रसाद विशेष तौर पर मौजूद रहे। शर्मा ने एजेंडे में रखे तमाम बिंदुओं की वस्तिार से समीक्षा की। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस दौरान कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेशानुसार दिशा की बैठक सुचारू रूप से होनी चाहिए। पिछले काफी समय से यह बैठक नहीं हो पाई थी। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जो योजनाएं केंद्र एवं प्रदेश सरकार की हैं उनका लाभ योग्य पात्रों को शत प्रतिशत मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने एजेंडे में रखी सभी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया के समय में जो कार्य स्वीकृत किए गए हैं वे सभी कार्य विभाग प्राथमिकता के आधार पर पूरा करे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो कार्य किए गए वे बधाई के पात्र हैं। अर्बन क्षेत्र के तहत 1300 अटल सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं।



अंबाला। प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग लेते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम लक्षित सरीन, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एसडीएम सी जया शारधा, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआरओ कैप्टन विनोद शर्मा, जिला खेल अधिकारी राम निवास, डीआईओ अरविंदजीत, कार्यकारी अधिकारी पंचायत विभाग जिले सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, एलडीएम पुनीत कुमार, जिला कल्याण अधिकारी अंजू बंसल मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने 14.50 करोड़ रुपये की योजना को दी मंजूरी

# पानी की आपूर्ति के लिए डाली जाएगी डीआई पाइपलाइन

- 20 गांवों में पीवीसी तथा एसी पाइप लाइन खराब हो चुकी थी, विधायक ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

राज्य सरकार ने अंबाला शहर विधानसभा के 20 गांवों में डीआई पाइपलाइन बिछाने के कार्य को मंजूरी दी है। इस कार्य पर 14.50 करोड़ रूपये खर्च आएंगे।

विधायक ने इस कार्य के मंजूर होने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। इन 20 गांवों में पीवीसी तथा एसी पाइप लाइन खराब हो चुकी थी। इसी वजह से यहां उसकी डीआई पाइपलाइन बिछाने का नर्णिय लिया गया। इससे लोगों को पेयजल की बेहतर आपूर्ति हो पाएगी।। विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास कार्यों के लिए खजाना खोल रखा है। दरअसल कई गांवों में नई पाइपलाइन डलवाने के लिए ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया था। इसके बाद उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को उक्त गांवों में पाइपलाइनों की स्थिति का अवलोकन करने के आदेश दिए। जांच के बाद पुरानी लाइन खराब पाई गई। उसकी जगह डीआई पाइपलाइन बिछाई जाने का नर्णिय लिया गया। तब पूरी लाइन के एस्टीमेट तैयार करने के नर्दिश दिए थे विभाग की ओर से एस्टीमेट उपलब्ध होने के बाद सीएम मनोहर लाल को ग्रामीणों की मांग से अगवत करवाया गया। मुख्यमंत्री ने तुरंत इस मांग को पूरा करने की मंजूरी दी।

कार्यकारी अभियंता कर्णबीर सिंह ने बताया कि जिन गांवों में पीवीसी व एसी पाइप लाइन खराब हो चुकी थी उनकी जगह पर डीआई वाटर पाइपलाइन बिछाने का काम किया जाएगा।

### पानी की गुणवत्ता और आपूर्ति और बेहतर होगी

विधायक ने बताया कि 20 गांवों में लगभग 50 से 60 किलोमीटर डीआई वाटर पाईप लाईन बिछाने का काम किया जाएगा। योजना के तहत गांव जनसुई में 66.80 लाख रूपये, सौंटी में 78.03 लाख , गांव रवालों में 32.24 लाख, जैतपुरा में 63.22 लाख, जंधेडी में 66.22 लाख, निहारसी में 38.61 लाख, कंगवाल में 72.22 लाख, बेगोमाजरा में 29.54 लाख, सकराओं में 49.45 लाख, लखनौर साहिब में 39.18 लाख, रोशनपुरा में 43.46 लाख, गांव नन्यौला में 71.89 लाख, बलाना में 71.89 लाख, बकनौर 73.55 लाख, व सारंगपुर में 73.55 लाख की लागत से पाइपलाइन डाली जाएगी। इसी तरह नडियाली में 53.57 लाख, सुल्लर में 68.13 लाख, मलौर गांव में 62.87 लाख, गांव कुर्बानपुर में 48.71 लाख, भडी में 35.79 लाख, मस्तपुर में 70.72 लाख, गांव तर में 70.69 लाख, गांव भुन्नी में 49.05 लाख व गांव सौंटा में 75.29 लाख रूपये की लागत से पीवीसी एसी पाइपलाइन की जगह डीआई वाटर पाइपलाइन बिछाने का काम किया जाएगा। इस कार्य के होने से पानी की गुणवत्ता और आपूर्ति और बेहतर होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005